# हम नाकोड़ा जी आ गए भजन लिरिक्स

जय जय श्री पार्श्वनाथ,
जय जय श्री भैरव देव,
डमरू वाले दादा तेरा,
अम्बे माँ के लाल तेरा,
प्यार पाने आ गए,
हम नाकोड़ा जी आ गए,
तेरे चरणों में आ गए।bd।

---

तुझ बिन दादा दिल नहीं लगता,
हर पल तेरा नाम मैं जपता,
अम्बे माँ के लाल तुझको,
दिल की सुनाने आ गए,
हम नाकोडा जी आ गए,
तेरे चरणों में आ गए।bd।

---

हम तो दादा के दीवाने,
पार्श्व भैरव की किरपा पाने,
सारे जग को छोड़ के दादा,
तुझको रिझाने आ गए,
हम नाकोडा जी आ गए,
तेरे चरणों में आ गए।bd।

---

विनती तुमसे इतनी दादा,
दर पे बीते जीवन सारा,
मेवानगर की पावन रज को,
सर पे लगाने आ गए,
हम नाकोडा जी आ गए,
तेरे चरणों में आ गए।bd।

---

डमरू वाले दादा तेरा,
अम्बे माँ के लाल तेरा,
प्यार पाने आ गए,
हम नाकोड़ा जी आ गए,
तेरे चरणों में आ गए।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com